## अधूरी योजना को पंचायत को हेंडओवर करने विभाग बना रहा दबाव

# देवी में नल-जल योजना की पाइपलाईन लीकेज से गहराया पेयजल संकट



**नवभारत न्यूज**
**सौसर।** शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना ग्राम पंचायत देवी में इन दिनों गंभी अव्यवस्थाओं का शिकार होती नजर आरही है। पिछलें दो दिनों स पाइपलाईन में जगह-जगह हो रहे लीकेज के कारण पेयजल आपूर्ति पूरीतरह चरमरा गई है। हालात ऐसे बन गये है कि, जिस योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पानी पहुचाना था, वही अब ग्रामीणों के लिये परेशानी का कारण बन गई है। गांव के विभिन्न मोहल्लो में पाइपलाईन से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे नलों तक पानी पहुची ही नही पा रहा है। पानी का दबाव बेहद कम हो गया है और कई स्थानों पर सप्लाई पूरीतरह ठप्प हो चुकी है। इससे ग्रामीणों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।



**पारंपरिक जल स्त्रोतों का सहारा:** भीषण गर्मी में ग्रामीणों को अब फ़िर से पारंपरिक जल स्त्रोतों कुओ, हैंडपंपों और अन्य साधनों का सहारा लेना पड रहा है। महिलायें और बुजूर्ग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर है। जिससे उनके दैनिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि, योजना की गुणवत्ता शुरू से ही संदिग्ध रही है औरसमय रहते सुधार नही किया गया, जिसका खामियाजा अब भुगतना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि, पाइपलाईन की सभी खामियों को तत्काल दूर किया जाये और जला आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाया जाये। यदि जल्प समाधान नही हुआ तो प्रषासनिक अधिकारियों से शिकायत करेगे।

**विभाग पंचायत बना रहा हैंडओवर का दबाव :** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से ठेकेदार द्वारा योजना के कार्य को अंतिम रूप दिया है।



जिसकारण विभागीय अधिकारियों द्वारा पंचायत के जनप्रतिनिधियों पर योजना के हैंडओवर करने का दबाव बनाया जा रहा है। विभाग का कहना है कि, कार्य पूर्ण हो चुका है और अब संचालन की जिम्मेदारी पंचायत को सौपना है। जिस पर पंचायत को आपत्ति है। सरपंच मीनाक्षी सुरेन्द्र भानगे का कहना है कि, अधूरी और खामियों से भरी योजना को स्वीकार करना गांव के हित में नही है। जब तक पानी की टंकी से लेकर पूरी पाइपलाईन का समूचित सुधार नही होता, सभी लीकेज पूरीतरह बंद नही किये जाते और पूरी व्यवस्था की तकनीकी जांच एवं टेस्टिंग नही हो जाती तब तक पंचायत इसे हैंडओवर नही करेगी।

बहरहाल नल-जल योजना जो ग्रामीणों के जीवन को सरल बनाने के लिये शुरू की गई थी, वर्तमान में अव्यवस्था और लापरवाही का प्रतीक बन गई है। अब देखना यह है कि, संबंधित विभाग इस समस्या को कितनी प्राथमिकता देते है।

## भाजपा ने सौसर बस स्टैण्ड पर मनाया विजय उत्सव

# जनता के अटूट विश्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की जीत : मोहोड



**नवभारत न्यूज सौसर।** पश्चिम बंगाल, असम और पुंडेचरी विधनसभा चुनावो में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के उलपक्ष्य में बस स्टैण्ड पर भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुषी सांझा की तथा आतिशबाजी कर जश्न मनाया। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, यह ऐतिहासिक विजय देश की जनता के अटूट विष्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं के दिन-रात के अथक परिश्रम का परिणाम है। भाजपा की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता ने एक बार फ़िर अपनी मुहर लगाई। यह जीत केवल पार्टी की नही, बल्कि देश के हर उस नागरिक की जीत है जो विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की भावना पर विष्वास रखता है। अवसर पर हरिष बतरा, रामकृष्णा वाकोडे, देवेन्द्र गायकवाड, दीपक कामडे, उमाजी रिधोरे, दर्शन झाडे, नरेन्द्र कुकडे, पंकज लोणारे, आशीष चांडक, प्रवीण सेलूकर, गोलू वाडेकर, खुषाल उफ़ाट, आशीष पराडकर, परसराम राणे, रामकृष्णा राऊत, संजय बागडे, सौरभ अढाऊ सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार द्वारा घर-घर यज्ञ कर बताई महत्ता



**नवभारत न्यूज,तिगांव,4मई,** बौध्द पौर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा देश के अन्य क्षेत्रों की तरह ही ग्राम तिगांव,मारूड,पिपलपानी,मोही,मांडवी,बिछुआढाना,बोरगांव,खेडीकला,चिचखेडा,देवखापा,इटवाढाना,घोगरीखापा के कुल 191 घरों में घर-घर यज्ञ किया गया। इसी प्रकार ग्राम तिगांव में श्री संताजी जगनाडे सांस्कृतिक भवन में यज्ञोपवीत संस्कार समापन विधि विधान के पांढुरना गायत्री शक्तिपीठ से पधारे मुख्य पुजारी शांताराम लव्हाले,दिलीप बालपांड़े,श्रीमती मालतीताई जवणे,श्रीमती पुष्पाताई खंडार द्वारा संपन्न कराया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाऊराव वानोड़े,राहुल लोणकर,शांताराम तहकीत,लक्ष्मण कौराईत,सतीश काकडे,अरुण वानोड़े ,मोतीराम लोणकर,एकनाथ बरड़े,अरविंद गांवड़े,आदि ने पूजा,पाठ,हवन कर प्रसादी का लाभ लिया ।

# त्रेम्बकेश्वर में होगा श्री ज्ञानेश्वरी पारायण व नामसंकीर्तन महोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**पिपला नारा.वार।** धार्मिक आस्था और भक्ति का केन्द्र माने जानेवाले त्रेम्बकेश्वर(नाशीक) में आगामी 5 मई से 12 मई तक श्री ज्ञानेष्वरी पारायण एव नाम संकीर्तन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। श्री संत निवृत्तिनाथ महाराज मंदिर परिसर में सम्पन्न होनेवाला यह धार्मिक आयोजन वैकुंठवासी श्री सूर्यकांत महाराज डोंगरे के प्रेरणा से हो रहा है। बताया गया है कि, वैकुंठवासी सूर्यकांत डोंगरे महाराज ने इस पवित्र क्षेत्र में वर्षो तक तपस्या कर आध्यात्मिक साधना की है। इसी भावना के साथ यह आयोजन गुरूओं के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन सुबह 6 बजें काकड



आरती, 7 बजें विष्णू सहस्त्रनाम पाठ, सुबह 9 बजें सामूहिक श्री ज्ञानेष्वरी पारायण, शाम 4 बजें हरिपाठ, रात 6.30 बजें से कीर्तन होगा।

व्यासपीठ का संचालन हभप पंकज महाराज महल्ले कौंडल्यपुर करेगे। सोमवार 4 मई को हभप सूर्यकांत डोंगरे महाराज के शिष्यों एवं श्रद्धालूओं का एक जत्था आयोजन का प्रचार-प्रसार करते हुये त्रेम्बकेश्वर के लिये निकला।

## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाठई में समर कैंप का शुभारंभ

**पांढुर्णा,** शासन के आदेशानुसार समर कैंप 1 मई 2026 से 1 जून 2026 तक आयोजित किया जाना है, जिसके अंतर्गत आज दिनांक 04.05.2026 को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाठई, जिला पांढुर्णा में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। समर कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों की सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल गतिविधियों में कैरम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत शिक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला।

## महात्मा फुले शिक्षा और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे: मोहोड

### ढोकडोंह में जिलाध्यक्ष मोहोड हस्तें हुआ महात्मा फुले प्रतिमा का अनावरण

**नवभारत न्यूज पिपला नारा.वार।** समीपस्थ ग्राम ढोकडोह में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का अनावरण समारोह जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें किया गया। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, महात्मा फुले केवल एक समाज सुधारक नही, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होने जाति-पाति, भेदभाव और कुरीतियों के खिलाफसंघर्ष कर समाज को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक है, जितने उस दौर में थे। उन्होने कहा कि, शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुचाना और महिलाओं को सशक्त बनाना ही फुले के सपनों को साकार का रूप है। उपस्थित जनसमूह ने सामाजिक समरसता, समनाता और न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, जिला उपाध्यक्ष दीपक कामडे, रामकृष्णा वाकोडे, पूर्व जप उपाध्यक्ष तेजराव गायकवाड, विवेक गायकवाड, सुरेश गावंढे, सुनील कडु, अजय पाटील, किरण रंगारे, नागसेन सहारे, ज्ञानेश्वर शिंदे, दिलीप सोमकुवर, गुणवंता सहारे, सूर्यभान तवले, रवि वाहने, मनोहर साबले आदि उपस्थित थे।




